Bareilly, Saturday,
31 May 2025
BAREILL EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO :02 MIDDLE

# फेफड़ों को गलाकर जिंदगी खोखला कर देती है तंबाकू

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (30 May):** तंबाकू विश्व की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, जिससे प्रतिवर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है. साठ लाख से अधिक मृत्यु प्रत्यक्ष तंबाकू उपभोग से होती है, जबकि करीब 8.9 लाख लोग निष्क्रिय धूम्रपान की वजह से इसका शिकार बनते हैं. भारत में भी यह बीमारियों से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है. तंबाकू सेवन करने वालों को कैंसर और दिल की बीमारियों की भी आशंका ज्यादा होती है.



70 फीसद कैंसर की वजह है धूम्रपान एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के ओंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. पियूष कुमार के अनुसार तंबाकू सेवन चाहे किसी रूप में हो यह खतरनाक और नतीजा कैंसर है. कैंसर की बड़ी वजह तंबाकू ही है. करीब 70 फीसद मरीज तंबाकू के सेवन या धूम्रपान से कैंसरग्रस्त होते हैं.

## नवजात बच्चों पर प्रभाव



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में गायनी ऑको सर्जन डॉ. मनोज कुमार तांगड़ी कहते हैं कि धूम्रपान का गर्भावस्था के दौरान और नवजात बच्चों पर भी हानिकारक असर पड़ता है. गर्भावस्था के दौरान एक्टिव या पैसिव धूम्रपान से रक्तस्राव, अस्थानिक गर्भावस्था, गर्भस्राव आदि प्रॉब्लम होती है.

## एडवांस स्टेज में होती है जानकारी



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के पल्मोनरी विभाग के एचओडी डॉ. ललित सिंह कहते हैं कि तंबाकू का सेवन कैंसर की सबसे बड़ी वजह है. 70 फीसद केस में कैंसर होने की जानकारी एडवांस स्टेज में मिलती है. उपचार मिलने के बाद भी इन्हें 2.5 साल से ज्यादा जिंदा रहने का मौका नहीं मिलता.